‘ई-रूपी वाउचर’ के माध्यम से कृषि उपकरणों पर सब्सिडी का वितरण

चर्चा में क्यों?

7 सितंबर, 2022 को हरियाणा कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि विभाग द्वारा पहली बार ‘ई-रूपी वाउचर’के माध्यम से कृषि उपकरणों पर सब्सिडी का वितरण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस संबंध में उन्होंने बताया कि इस नई पहल के लागू होने के बाद जहाँ एक तरफ किसानों को अपनी सब्सिडी पाने के लिये दर-दर नहीं भटकना होगा, वहीं दूसरी तरफ इस डिजिटिल मोड के माध्यम से योजना के कार्यान्वयन में और अधिक पारदर्शिता आएगी।
- उन्होंने बताया कि ज़िलास्तरीय कार्यकारिणी समिति द्वारा चयनित होने के बाद किसान संबंधित उपकरणों की लागत के संबंध में विभाग द्वारा अनुमोदित निर्माताओं के साथ बातचीत कर सकते हैं और खरीद के समय ही उनको अनुदान राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।
- डॉ. मिश्रा ने बताया कि अब किसानों को अपनी जेब से पूरी राशि का भुगतान नहीं करना होगा, क्योंकि ई-रूपी पहल के बाद किसानों को लागत का केवल अपना हिस्सा ही देना होगा। इस प्रकार किसानों को जो पहले कुल लागत की व्यवस्था के लिये ब्याज का वहन करना पड़ता था, उस अतिरिक्त बोझ से राहत मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/distribution-of-subsidy-on-farm-equipment-through-e-rupee-voucher